अमर उजाला 11/12/2024

यूथ रेडक्रॉस ने मनाया मानवाधिकार दिवस

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस की ओर से मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में किया गया। वाईआरसी के कन्वीनर डॉ. राकेश ने बताया कि दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इसी तरह कॉलेज में छात्र प्रगति और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ और राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जिसका विषय असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत कर्नल विशाल अत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. तृप्ति शर्मा ने भी संबोधित किया। मंच संचालन एनसीसी कैडेट अवनीत ने किया। कार्यक्रम के संचालन में राजनीति विभाग के सदस्य लवप्रीत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और डॉ. एसएस नैन को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। संवाद